रजिस्ट्रेशन संख्या :– R.N.I. 36355/79
डाक पंजीकरण संख्या :– के0 पी0 सिटी –67 / 2024–26

चिकित्सा–विज्ञान और प्रौद्योगिक जगत में
सर्वाधिक प्रकाशित होने वाला निषपक्ष समाचार पत्र

पाक्षिक

# इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट

अधिकार किसको जानने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.dhr.gov.in लॉगिन कर क्लिक करें अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा गज़ट पढ़ने हेतु log in करें www.behm.org.in

पत्र व्यवहार हेतु पता :–
सम्पादक
इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट
127 / 204 'एस' जूही, कानपुर–208014
सम्पर्क सूत्र :– 9450153215 , 9415074806 , 9415486103

वर्ष – 46 ● अंक – 09 ● कानपुर 1 से 15 मई 2024 ● प्रधान सम्पादक – डा0 एम0 एच0 इदरीसी ● वार्षिक मूल्य ₹ 100

# भव्यता के साथ स्वर्ण जयन्ती मनायेगा बोर्ड – इदरीसी

"इलेक्ट्रो होम्योपैथी लगातार मजबूती की तरफ बढ़ते हुए मान्यता को प्राप्त करे इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हम निरन्तर प्रयासशील हैं और सफलता हमें मिलेगी इसके लिए हम आश्वस्त भी हैं।"

यह विचार बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी ने वाराणसी में एक प्रसिद्ध मीडिया चैनल को साक्षात्कार में बोर्ड के 49 वें स्थापना दिवस के अवसर पर व्यक्त किये, डा0 इदरीसी ने कहा कि धीरे–धीरे आज हम 50 वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं जितने वर्ष बीतते जा रहे हैं हम समझते हैं कि हमारा उत्तरदायित्व भी बढ़ता जा रहा है, हम चाहते हैं कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें शीघ्र से शीघ्र इलेक्ट्रो होम्योपैथी का नियमतीकरण करें जिससे कि इस विधा के चिकित्सकों को भी वह सम्मान मिल सके जो अन्य मान्यता प्राप्त पद्धतियों के चिकित्सकों को प्राप्त हैं, डा0 इदरीसी ने आगे कहा कि मान्यता की राह में वर्तमान प्रचलित पाठ्यक्रम प्रभावित कर रहे हैं इस विषय को गम्भीरता से लेने की आवश्यकता है क्योंकि अन्तर विभागीय समिति द्वारा जो मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं उसमें इस विषय की प्रमुखता है, उन्होंने ने कहा कि हम अपने उन साथियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं जिनका सहयोग और समर्थन हमें समय समय पर मिलता रहा है, हम अपेक्षा करते हैं कि पूर्व की भांति हमें सबका सहयोग व स्नेह प्राप्त होता रहेगा, डा0 इदरीसी ने आगे कहा कि पूरे वर्ष हमारे सभी साथी मण्डल एवं ज़िला स्तर पर आयोजन करेंगे इसमें निःशुल्क चिकित्सा शिविर, गोष्ठियाँ, चिकित्सा जागरुकता आदि के कार्यक्रम आयोजत किये जायेंगे हम आशा करते हैं कि साथियों की मेहनत अवश्य सार्थक होगी, अप्रैल के तीसरे सप्ताह में बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के चेयरमैन डा0 इदरीसी जी का कार्यक्रम बहुत व्यस्त रहा आप इसी से अनुमान लगा सकते हैं कि 20 अप्रैल को कानपुर में प्रबन्ध कमेटी की बैठक में अध्यक्षता की, 22 को लखनऊ में सामान्य इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों की बैठक, 24 अप्रैल को इहमाई के संयुक्त सचिव मिथलेश कुमार मिश्रा एवं बोर्ड के पूर्व रजिस्ट्रार डा0 संजय द्विवेदी से से वार्ता, 26 अप्रैल को वाराणसी एवं जौनपुर में प्रेस वार्ता एवं मई के प्रथम सप्ताह में गांधी पीस फाउन्डेशन नई दिल्ली में एक उच्च स्तारीय बैठक करेंगे।


B.E.H.M. U.P. के चेयरमैन एवं मुख्य अतिथि एक दूसरे को माल्यार्पण करते


बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी, वाराणसी में ए0सी0 तिरंगा न्यूज़चैनल को इन्टरव्यू देते हुये


जौनपुर में पत्रकार वार्ता में श्री मिथलश कुमार मिश्रा संयुक्त सचिव इहमाई, बोर्ड के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी, तथा बी0एम0ई0एच0 इन्सटीट्यूट जौनपुर के प्रधानाचार्य डा0 पी0 के0 मौर्या एवं अन्य।

# माने या न माने प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी का स्वर्ण युग आने वाला है

इलेक्ट्रो होम्योपैथी भारत में दक्षिण भारत एवं पश्चिम बंगाल के रास्ते से उत्तर प्रदेश में आकर पली बढ़ी और इसने यहीं अपना घर बना लिया अर्थात सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में ही इलेक्ट्रो होम्योपैथी का बोल–बाला है जो पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से अपने विभिन्न रूपों में यहां विद्यमान है, यहीं से ही इलेक्ट्रो होम्योपैथी का आन्दोलन निरन्तर चलता रहा है तथा इसका दूसरा बड़ा ठिकाना बिहार रहा है, इलेक्ट्रो होम्योपैथी का राजनैतिक एवं विधिक सामना भी इन्हीं दो राज्यों में हुआ, विगत 50 वर्षों से इन्हीं राज्यों ने ही सर्वाधिक संघर्ष किया इसी कारण इन्हें ही सफलता भी मिली है, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग ने जो भी आदेश जारी किये हैं वे अधिकांश इन्हीं राज्यों के हिस्से में हैं, और इन्हीं राज्यों के आदेश से पूरे देश के इलेक्ट्रो होम्योपैथों को बल प्राप्त होता रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य से ही डा0 बलदेव प्रसाद सक्सेना, डा0 सुखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, डा0 नन्दलाल सिन्हा तथा डा0 मोरध्वज सिंह " प्रलयंकर " आदि रहे हैं इनके प्रयास एवं बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा वांछित अनिवार्य एवं ऐच्छिक मापदण्ड इनके द्वारा बहुत पहले ही पूर्ण किये जा चुके हैं इसे संयोग ही कहेंगे कि उसके कोई साक्ष्य एवं अभिलेख अप्राप्य हैं यदि प्रयास किया जायें तो यह साक्ष्य एवं अभिलेख स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त हो सकते हैं क्योंकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा डा0 नन्दलाल सिन्हा जी को कुछ मरीज इलाज के लिए दिये गये थे उनको डा0 सिन्हा द्वारा ठीक भी किया गया था उसका विवरण स्वास्थ्य विभाग के पास अवश्य होगा।

इलेक्ट्रो होम्योपैथी के मामले में कानून की दृष्टि में भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा दिनांक 21 जून, 2011 को इलेक्ट्रो होम्यापैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (E.H.M.A.I.) को एक आदेश द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, अनुसंधान एवं विकास कार्य हेतु अधिकृत किया है, इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राज्य सबसे धनी रहा है क्योंकि बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 को उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग–6 द्वारा इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए शासनादेश जारी किया गया है, इलेक्ट्रो होम्योपैथी के अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय से लेकर प्रान्तीय एवं स्थानीय स्तर के बड़े बड़े आयोजन भी इसी उत्तर प्रदेश में होते रहे हैं इसी उत्तर प्रदेश में विधान सभा के अन्दर व बाहर घेराव भी हुआ है, इलेक्ट्रो होम्योपैथी में इतना सबकुछ हो चुका है और जो हो रहा है वह यह दर्शाता है कि माण्दण्ड पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त समय है।

इसी माह 12 मई को प्रदेश के गोंडा जनपद में एक राष्ट्रीय स्तर का आयोजन प्रस्तावित है, जो स्वर्ण युग की अभी से आहट देने लगा है, क्योंकि आयोजकों ने कार्यक्रम की जो रुप रेखा खींची है वह इसी ओर संकेत दे रही है।

उत्तर प्रदेश आधारित बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 जिसे उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शासनादेश जारी हो चुका है जो अभी 24 अप्रैल को अपने 49 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण कर 50वें वर्ष में प्रवेश ले चुका है बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 ने निश्चय किया है कि वर्तमान वर्ष को स्वर्ण जयन्ती वर्ष के रुप में, इस वर्ष गोष्ठियां, शविरों का आयोजन, सम्मेलन, निःशुल्क चिकित्सा शिविरों, चिकित्सक अधिकारिता जागरुकता अभियान आदि का आयोजन प्रदेश के लगभग सभी जनपदों/मण्डलों इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को प्रथमिकता दी जायेगी जिससे गत 100 वर्षों से अधिक इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से चिकित्सा व्यवसाय कर रहे इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों को स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जा सके।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जा चुका है जिसमें चिकित्सकों से सम्पर्क एवं प्रेस वार्ता आदि का आयोजन किया गया तथा भावी कार्यक्रम भी तय हुआ।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का सिलसिला आभी भी जारी

फतेहपुर– दिनांक 21–04– 2024 दिन रविवार को ब्लॉक अमौली जिला फतेहपुर के काउंट सीजर मैटी क्लीनिक के ई0एच0 डॉ0 देवानन्द ने आयोजित किया।

शिविर का शुभारंभ श्री जय प्रकाश सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पर्यवेक्षक ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक काउंट सीजर मैटी के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए किया, उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा भावी लोगों तथा शिविरों की समाज को बहुत आवश्यकता है, शिविर के लिए आवश्यक दवाएं बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्यापैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 ने उपलब्ध करायी हैं, इस बोर्ड को उ0प्र0 शासन चिकित्सा अनुभाग–6 के द्वारा आदेश प्राप्त है, EH डॉ0 देवानन्द ने बताया कि मैंने इस चिकित्सा पद्धति से बांझपन के कई रोगियों में सफलता पायी है, अपरान्ह 2बजे से सायं 5 बजे तक चले शिविर में 40 रोगियों का पंजीकरण किया गया।

स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष में यह तीसरा रविवार था इस तरह से प्रत्येक रविवार को शिविर लगते रहेंगे। जनपद कानपुर देहात से आयी जिला प्रभारी EH डॉ0 रश्मी, डा0 विपाशा ने महिला रोगियों को अपनी सेवाएं प्रदान की, जनपद फतेहपुर के प्रभारी अधिकारी EH डा0 वकील अहमद ने कहा कि ऐसे शिविरों की आवश्यकता न सिर्फ जिले में बल्कि पूरे प्रदेश में है, सभी EH डॉक्टर्स अपने अपने क्षेत्र में शिविर लगाकर समाज की सेवा करें, मैं देवानन्द एवं उनके सहयोगियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ, स्वर्ण जयंती वर्ष में उ0प्र0 में फतेहपुर अपनी एक अलग पहचान अवश्य बनाएगा, ऐसा मेरा विश्वास है।



# शोक समाचार

दुःखी मन से सूचित किया जाता है कि वैद्य एवं वरिष्ठ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक के0 के0 कुशवाहा हाथरस जंक्शन जिला हाथरस, 21 अप्रैल, 2024 को गौलोक वासी हो गये ज्ञातव्य हो कि 19 के दशक में कुशवाहा जी इलेक्ट्रो होम्योपैथी से जुड़े थे और बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 से के0 के0 ई0 एच0 मेडिकल कॉलेज के नाम से सम्बद्धता प्राप्त कर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के कोर्सों का पठन–पाठन कराया करते थे, बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 परिवार शोक एवं दिवंगत आत्मा की शांति हेतु परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है।

यह जानकारी हमारे पर्यवेक्षक EH डा0 पी0 के0 राघव जनपदीय पंजीयन अलीगढ़ व मेरठ मण्डल एवं EH डा0 आर0 सी0 उपाध्याय प्रधानाचार्य सादाबाद इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज द्वारा बोर्ड कार्यालय को दी गयी।

बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 इन दोनों का आभार व्यक्त करता है।



डा0 के0 के0 कुशवाहा

# List of Medical Institutes/Institute

| Sr. | Code | Name | District | Principle & Mob.No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Ashish Electro Homoeopathic Medical Institute | RAIBARELY | EH Dr. P. N. Kushwaha 9415177119 |
| 2 | 03 | Awadh Electro Homoeopathic Medical Institute | LUCKNOW | Dr. Ashutosh Kapoor 7007592773 , 9125720111 |
| 3 | 05 | Bhagwan Mahaveer Electro Homoeopathic Institute | JAUNPUR | EH Dr. P. K. Maurya 9451162709 |
| 4 | 06 | Maa Sarju Devi Electro Homoeopathic Medical Institute | LAKHIMPUR | EH Dr. R.K. Sharma 9454236971 |
| 5 | 11 | Chand Par Electro Homoeopathic Medical Institute | AZAMGARH | EH Dr. Mushtaq Ahmad 9415358163 |
| 6 | 13 | Azad Electro Homoeopathic Medical Institute, Kintoor | BARABANKI | EH Dr. Habib-ur-Rehman 8574239344 |
| 7 | 15 | Electro Homoeopathic Medical Institute | SHAHJAHANPUR | EH Dr. Ammar-Bin-Sabir 9336034277 |
| 8 | 16 | Shahganj Electro Homoeopathic Medical Institute | Shahganj JAUNPUR | EH Dr. S. N. Rai 9450088327 |
| 9 | 17 | Prema Devi Electro Homoeopathic Medical Institute | SIDDHARTH NAGAR | Dr. Ved Prakash Srivastav 9936022029 |

# List of Study Centres

| Sr. | Code | Name | District | Principle & Mob.No. |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 51 | Fatehpur E.H. Study Centre | FATEHPUR | EH Dr. Vakeel Ahmad 8115210751 |
| 12 | 52 | Deoria E.H. Study Centre | DEORIA | EH Dr. P. K. Srivastav 9415826491 |
| 13 | 53 | Bahraich E.H. Study Centre | BAHRAICH | Dr. Bhoop Raj. Srivastav 9451786214 |
| 14 | 54 | Unnao E.H. Study Centre | UNNAO | EH Dr. Gaurav Dwivedi 9935332052 |
| 15 | 55 | Walidpur E.H. Study Centre | Walidpur MAU | EH Dr. Ayaz Ahmad 9305963908 |
| 16 | 56 | Aarti E.H. Study Centre | JALAUN | EH Dr. Gaya Prasad 8874429538 |
| 17 | 57 | B.K. E.H. Study Centre | HAMIRPUR (U.P.) | EH Dr. N.B.Nigam 7007352458 |
| 18 | 58 | Electro Homoeopathic Study Centre | Hasanganj UNNAO | Hakim Mohd. Rashid Hayat 9005680843 |
| 19 | 59 | Sirsaganj E.H. Study Centre | Sirsaganj FIROZABAD | EH Dr. Mohd. Israr Khan 9634503421 |
| 20 | 60 | Etawah E.H. Study Centre | ETAWAH | EH Dr. Mohd. Akhlak Khan 7417775346 |
| 21 | 61 | Firozabad E.H. Study Centre | FIROZABAD | EH Dr. Shiv Kumar Pal 9027342885 |
| 22 | 62 | D.L.M.M. Study Centre of E.H. | MAHARAJGANJ | EH Dr. Prince Srivasta 7398941680 |
| 23 | 63 | Kushwaha E.H. Study Centre | KANPUR | EH Dr. Ram Autar Kushwaha 9793264649 |

# AUTHORISED STUDY CENTRES OF OTHER STATES

| Sr. | Code | Head of Centre | Address | District |
|---|---|---|---|---|
| 22 | 81 | EH Dr. Devendra Singh Mobile No 9818120565 | 374/4 Shaheed Bhagat Singh Colony, Karawal Nagar | DELHI-110090 |
| 23 | 82 | EH Dr. Abdul Rahman Khan Mobile No 8000241542 | 12/1891 Ground Floor, Shop No: 3, Honey Park Apartment, Saiyed Wada, Shahpore | SURAT-395003 |

# LIST OF AUTHRISED EXAMINATION CENTRES

| Sr. | Code | Name of Examination Centre | Address | Name of Supdt. & Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 24 | 91 | Khurja E.H. Examination Centre | Kurja , BULAND SHAHAR | EH Dr. P. K. Raghav 7505186156 |
| 25 | 92 | E.H. Examination Centre, Moradabad | MORADABAD | EH Dr. S.K. Saxena 8171869605 |
| 26 | 94 | E.H. Examination Centre | B.E.H.M.UP. KANPUR | Registrar B.H.M.U.P 0512-2970704 |

Registrar
B.E.H.M.,U.P.

बी0 ई0 एच0 एम0 के लिए डा0 अतीक अहमद द्वारा गजट प्रेस 126 टी/22 'ए' रामलाल का तालाब, जूही, कानपुर–208014 से मुद्रित एवं मिथलेश कुमार मिश्रा द्वारा कम्प्यूटराइज्ड करा कर 9/1 पीली कालोनी, जूही, कानपुर–208014 से प्रकाशित किया।